NAPUF

NAP UTKRANTI FEDERATION

An Initiative by CAIT





CAIT

DECADES OF GLORIOUS SERVICE TO NATION & TRADE


BE PROUD TO BE A TRADER

गर्व से कहो हम व्यापारी है

Vibrant Trade - Destination India











## हमारे बारे में

NAP UTKRANTI FEDERATION (NAPUF)का पूरा नाम नेशनल एग्रिप्रेन्योर उत्क्रांति फेडरेशन (National Agripreneur Utkranti Federation) है, जो केट (CAIT) द्वारा पहल करके बनाई गई है। नेपफ़ कृषि क्षेत्र के व्यापारियों, स्टार्टअप, औद्योगिक समुदाय और प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र के संघों का सबसे बड़ा राष्ट्रीय संगठन है, जो देश भर के कृषि व्यापारियों के समुदाय का सबसे प्रमुख सूत्रधार और संरक्षक है।

नेपफ़ की स्थापना जनवरी 2022 में उद्योग जगत के प्रसिद्ध व्यापारियों के अथक प्रयासों से और कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (CAIT) की प्रेरणा और मार्गदर्शन से हुई है। नेपफ़ भारत में कृषि व्यापारिक क्षेत्र की सबसे शीर्ष संस्था है, जिसे पहले केट एग्रिविंग (CAIT AGRIWING) के नाम से जाना जाता है और भारत की सबसे सम्मानित व्यापारिक समुदायों में से एक है।

नेपफ़ कृषि व्यापारियों एवं कृषि उद्योग के नियमित विकास और संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।

## संघ की आवश्यकता

पिछले कुछ वर्षो के कड़वे अनुभव से यह समझ आया की एक निष्पक्ष, तटस्थ और मजबूत संगठन स्थापित करने की आवश्यकता है, जो कृषि आदान व्यापारियों और औद्योगिक समुदाय के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हो सके, यह दृष्टि 2022 में एक वास्तविकता बन गई और NAPUF ने कृषि क्षेत्र के आदान व्यापारियों और औद्योगिक समुदाय के कानूनी अधिकारों और सुरक्षा के लिए एक निष्पक्ष और पारदर्शी संघ के रूप में अपने अस्तित्व को साबित किया है।

## दृष्टिकोण (Vision)

**1**

**01.** किसानों के हितार्थ, कृषि क्षेत्र के सभी हित कारको का व्यापार सुगमता से चले एंव व्यापार बढाने व संगठित करने के लिए कृषि नीति बनाकर सरकार से सामंजस्य स्थापित करके क्रियान्वित करना।

**02.** देश में एक रचनात्मक व्यवसायिक अनुकूल वातावरण बनाने के लिए खुदरा व्यापार के मौजूदा प्रारूप को आधुनिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध होना।

**03.** खेती की भूमि की उर्वरा शक्ति बढाने के लिए किसानो को रासायनिक खाद के सन्तुलित प्रयोग एवं ऑर्गैनिक व बायोफर्टिलाइजर खाद के महत्व को किसानो को समझा कर जागरुक करना।

**2**

**01.** किसान परिवारों को सशक्त बनाने के लिए उन्हें विभिन्न कृषि विधियों में कौशल और ज्ञान में सुधार करने के लिए प्रशिक्षण, संसाधन और समर्थन प्रदान करना।

**02.** प्रशिक्षित पुरुष किसानों को "एग्रीवीर" और प्रशिक्षित महिला किसानों को "एग्रीबहना" के रुप में जाना जाएगा।

**03.** नेपफ़ का उद्देश्य किसानों और कृषि उद्योग से जुड़े लोगों को सशक्त बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है, जिससे वे अपने जीवन में सुधार कर सकें और देश की अर्थव्यवस्था में योगदान कर सकें।



# कृषि वीर और कृषि बहना

## प्रस्तावना

कृषि वीर (लड़कों के लिए) और कृषि बहना (लड़कियों के लिए) कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों के परिवार सशक्त करने के लिए कृषि से संबंधित विभिन्न विधाओं में ज्ञान प्रदान करना और उन्हें कृषि क्षेत्र में सलाह देने के लिए प्रशिक्षित करना है।

## कार्यक्रम की परिभाषा

### कृषि वीर

यह कार्यक्रम कृषि वीरों को कृषि के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षित करने के लिए तैयार किया गया है, ताकि वे किसानों को वैज्ञानिक सलाह देने में सक्षम हो सकें एवं एग्रीप्योर बन सके।

### कृषि बहना

यह कार्यक्रम कृषि बहनों को कृषि से संबंधित ज्ञान और सलाह देने के लिए प्रशिक्षित करता है, जिससे वे कृषि के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा सकें एवं एग्रीप्योर बन सके।

## भूमिका और जिम्मेदारियाँ

- **कृषि सलाह:** किसानों को विज्ञान आधारित सलाह प्रदान करना
- **प्रशिक्षण:** किसानों और खुदरा विक्रेताओं को प्रशिक्षण देना
- **उत्पाद की जानकारी:** खाद, बीज, कीटनाशक, पशु आहार, पोल्ट्री फीड, मछली फीड आदि की जानकारी देना
- **मार्केटिंग और बिक्री:** कृषि उत्पादों की बिक्री के लिए बाजार और डिजिटल प्लेटफार्मों का उपयोग करना
- **समस्या समाधान:** किसानों की कृषि समस्याओं का समाधान करना और उन्हें सही मार्गदर्शन प्रदान करना
- **एग्रीप्योर बनाना:** अपना एग्रीस्टार्टअप शुरू करने के लिए ये तकनिकी एक आर्थिक सहयोग उपलब्ध करवाना



# प्रशिक्षण की योजना

## मास्टर ट्रेनर्स के रूप में प्रशिक्षण

### कृषि विज्ञान

- पौधों की वृद्धि, पोषण, रोग प्रबंधन
- मृदा परीक्षण और सुधार

### विपणन और बिक्री


- फसलों के विपणन के तरीके
- उत्पाद का मूल्य निर्धारण और बिक्री के तकनीक

### डिजिटल प्लेटफॉर्म्स

- ऑनलाइन बिक्री और विपणन की विधियाँ
- सोशल मीडिया और ई-कॉमर्स का उपयोग

### व्यापार विकास

- खुदरा विक्रेताओं के लिए व्यापार प्रबंधन
- ग्राहक सेवा और बिक्री तकनीकें



## मास्टर ट्रेनर्स के रूप में प्रशिक्षण

### सेमिनार और कार्यशालाएँ

- साप्ताहिक/मासिक प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन
- कृषि विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान और प्रायोगिक सत्र

### फील्ड विज़िट

- वास्तविक खेतों और खुदरा दुकानों का दौरा
- प्रायोगिक ज्ञान और अनुभव प्राप्त करना

### डिजिटल संसाधन

- ई-लर्निंग मॉड्यूल्स और वेबिनार
- प्रशिक्षण सामग्री और वीडियो ट्यूटोरियल्स

# साधन और संसाधन

## प्रशिक्षण सामग्री

### पुस्तिकाएँ और गाइड्स

- कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर किताबें
- विपणन और बिक्री के लिए गाइड्स

### ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स

- ई-लर्निंग पोर्टल्स और वीडियो सामग्री
- डिजिटल मार्केटिंग उपकरण और संसाधन

## उपकरण

### प्रयोगशाला उपकरण

- मृदा परीक्षण किट और अन्य प्रयोगशाला उपकरण
- फसल की वृद्धि और रोग प्रबंधन के उपकरण

### प्रस्तुति और प्रिंट सामग्री

- प्रेजेंटेशन सॉफ़्टवेयर और प्रिंटेड ब्रोशर

# मूल्यांकन और निगरानी

## मूल्यांकन विधियाँ

### प्रशिक्षण का मूल्यांकन

- साप्ताहिक/मासिक मूल्यांकन टेस्ट
- फीडबैक सत्र और सुधार के सुझाव

### प्रगति की निगरानी

- प्रशिक्षित व्यक्तियों की प्रगति की नियमित समीक्षा
- प्रदर्शन रिपोर्ट और सुधार योजनाएँ

## सफलता के मानदंड

### उपलब्धियाँ

- किसानों और खुदरा विक्रेताओं के साथ सकारात्मक प्रभाव
- उत्पादकता और बिक्री में सुधार

### प्रतिक्रियाएँ

- प्रशिक्षित व्यक्तियों और किसानों से फीडबैक
- कार्यक्रम के प्रभाव का मूल्यांकन

## फार्मिंग सिस्टम में सुधार

### विधियाँ और तकनीकें

- उन्नत कृषि पद्धतियाँ और बुवाई तकनीकें
- जल प्रबंधन और भूमि संरक्षण विधियाँ

### समय पर प्रशिक्षण

- मौसमी कृषि गतिविधियों के अनुसार प्रशिक्षण
- नई तकनीकों और उपकरणों की जानकारी

## खुदरा विक्रेताओं और डीलरों का समर्थन

### बिजनेस डेवलपमेंट

- व्यापार प्रबंधन और विस्तार की रणनीतियाँ
- ग्राहक सेवा और बिक्री तकनीकें

### कनेक्टिविटी

- किसानों को सही खुदरा विक्रेताओं से जोड़ना
- कृषि समस्याओं के समाधान के लिए सहायता प्रदान करना

## निष्कर्ष और सिफारिशें

कृषि वीर और कृषि बहना कार्यक्रम किसानों के बच्चों को कृषि में सक्षम बनाने और उनके व्यवसाय को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इस पुस्तिका के माध्यम से, हम एक प्रभावी योजना प्रस्तुत करते हैं जिससे कृषि क्षेत्र में सुधार और प्रगति हो सके।

# प्रमुख उद्देश्य

1. कृषि क्षेत्र में व्यापार कर रहे सभी हितकारको जैसे- कृषि आदान व्यापारी, कृषि आदान ओधोगिक समुदाय, एग्री स्टार्ट अप के मौलिक अधिकार की रक्षा करना।

2. कृषि आदान व्यापारी के सामने आने वाली विभिन्न समस्याओ जैसे सरकारी नीतियो या व्यापार प्रथाओं के कारण के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध ।

3. किसानो के हितो को ध्यान में रखते हुए कृषि क्षेत्र में व्यापार करने वाले सभी कृषि संबंधित हितधारको के साथ मिलकर ऐसी कृषि नीति बनाने जिससे सभी हितकारक सुगमता से व्यापार कर सके एंव उसको भारत एंव राज्य सरकार व सरकारी निकायो से बातचीत करके क्रियान्वित कराने का प्रयास करना।

4. किसानो के द्वारा रासायनिक खाद के अंधाधुंध प्रयोग को रोकने एंव संतुलित खाद के प्रयोग के बारे मे किसानो को जागरूक करना एंव खेती की भूमि की उर्वरा शक्ति बचाने व बढाने के लिए जैविक खाद व आर्गेनिक खाद का उपयोग बढाने के लिए प्रेरित करना।

5. व्यापार करने के तरिको मे तेजी से परिवर्तन आ रहा है जिसके लिए व्यापार को आधुनिक तकनीक के साथ करने व वैश्विक बाजार के साथ योग्यता मे कौशल विकसित करने में मदद करने के लिए जागरूकता के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यशालाओ का आयोजन करना।

6. कृषि क्षेत्र में सभी हितकारको को न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण सुगमता से उपलब्ध हो एंव बैंको से व्यापार व व्यव्हार से संबंधित लगातार आ रही समस्याओ को बातचीत से हल कराना।

7. भारत में अधिक समृद्ध व्यापार बाजार बनाने- के लिए संबंधित समुदायों के लिए भारत में सूक्ष्म, लघु, मध्यम और बड़े बनाना (MSME) को एक साथ जोड़ना.

8. सरकार को मित्रवत नीतियां बनाने के लिए प्रेरित करके अपने सदस्यों और बड़े समुदाय को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME) की योजनाओं से अधिकतम लाभ प्राप्त करने में मदद करना.

9. कृषि आदान उत्पादक एवं विक्रेता और औद्योगिक समुदाय और लगातार समुदाय के अधिकारों को उत्पीड़न, झूठे आरोपों और पुलिस कर्मियों के दुराचार से बचाने के लिए काम करना



# नेपफ के लिए विस्तृत एसओपी

- एग्रीवीर और एग्रीबहना का चयन कर उन्हें प्रशिक्षित करना ताकि वे कृषि क्षेत्र में नेतृत्व कर सकें।
- किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत कराना।
- डीलरों को आवश्यक सहायता प्रदान कर कृषि उत्पादों का वितरण सुचारू बनाना।

एग्रीवीर और एग्रीबहना के चयन, प्रशिक्षण, और डीलरों को सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया को परिभाषित करती है।

## जिम्मेदारी

- चयन समिति: एग्रीवीर और एग्रीबहना का चयन
- प्रशिक्षण विभाग: प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

## एग्रीवीर और एग्रीबहना का चयन पात्रता मानदंड

- किसान परिवार से होना
- स्थानीय भाषा का ज्ञान होना
- समुदाय में नेतृत्व की क्षमता प्रदर्शित की हो

## आवेदन प्रक्रिया

- आवेदन पत्र जारी करना
- आवेदन पत्र में आवश्यक जानकारी भरना
- आवश्यक दस्तावेज (आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, कृषि भूमि का रिकॉर्ड आदि) जमा करना
- आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित करना

## चयन प्रक्रिया

- आवेदनों की समीक्षा करना
- पात्र आवेदकों का चयन करना
- चयनित आवेदकों के साथ साक्षात्कार आयोजित करना
- साक्षात्कार के आधार पर अंतिम चयन करना

# प्रशिक्षण

## प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

- आधुनिक कृषि तकनीकें (उर्वरक प्रबंधन, सिंचाई प्रबंधन, कीट नियंत्रण आदि)
- कृषि विज्ञान के मूलभूत सिद्धांत
- उद्यमिता और व्यवसाय प्रबंधन
- कृषि उत्पादों का विपणन और बिक्री
- कृषि सहकारिता और समूह गठन

## प्रशिक्षण विधियां

- व्याख्यान
- प्रदर्शन
- सामूहिक चर्चा
- कार्यशालाएं
- फील्ड विजिट

## प्रशिक्षण अवधि

- प्रशिक्षण की अवधि कम से कम 3 महीने की होनी चाहिए

## प्रशिक्षण मूल्यांकन

- प्रशिक्षण के दौरान नियमित मूल्यांकन करना
- प्रशिक्षण के दौरान प्रदर्शन का मूल्यांकन करना

# कृषि आदान विक्रेता को सहायता

## कृषि आदान विक्रेता की समस्याओं का समाधान

- कृषि आदान विक्रेता द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं को सुनना और समझना
- समस्याओं का समाधान खोजने के लिए प्रयास करना
- कृषि आदान विक्रेता को आवश्यक सहायता प्रदान करना

## नए उत्पादों का प्रचार

- नए कृषि उत्पादों के बारे में डीलरों को जानकारी देना
- नए उत्पादों के लाभों और उपयोग के बारे में जानकारी देना
- डीलरों को नए उत्पादों के प्रचार के लिए सामग्री प्रदान करना

## वितरण नेटवर्क का विकास

- कृषि आदान विक्रेता को नए बाजारों के बारे में जानकारी देना
- कृषि आदान विक्रेता को नए ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए रणनीतियां सुझाना
- कृषि आदान विक्रेता को वितरण नेटवर्क का विस्तार करने में सहायता प्रदान करना

## रिकॉर्ड रखना

- सभी चयनित एग्रीवीर और एग्रीबहना का डेटाबेस बनाना
- प्रशिक्षण कार्यक्रमों का रिकॉर्ड रखना
- डीलरों के साथ हुए सभी संचार का रिकॉर्ड रखना

## समीक्षा

- समय-समय पर समीक्षा की जाएगी और आवश्यक बदलाव किए जाएंगे

## अतिरिक्त

- एग्रीवीर और एग्रीबहना को स्थानीय कृषि विश्वविद्यालयों या कृषि अनुसंधान केंद्रों के साथ जोड़ें
- डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करके किसानों को जानकारी प्रदान करें
- एग्रीवीर और एग्रीबहना को प्रोत्साहन राशि प्रदान करें



An Initiative by CAIT


## Contact Us


A-1/82 S/F Paschim Vihar,new Delhi -110063

+91-0123-456-789

info@napuf.com

www.napuf.org

Design by Dreams Soft Technology - 96 4990 4990